JHARCRAFT

(A Govt. of Jharkhand Undertaking)

(CIN: U17122JH2006SGC012606)

झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट)

प्रथम तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची

पत्रांक 683 /राँची, दिनांक 4/07/2023

243/Jharcraft/SR/2019

घीच्चा धागे की बिक्री हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) के अधीन संचालित स्वंय सहायता समूहों के द्वारा उत्पादित घीच्चा धागा तथा भण्डारित पोलिस्टर, पोलिकॉटन धागा के क्रय हेतु इच्छुक बुनकर, समिति/समूहों एवं प्रतिष्ठानों से दिनांक–20.07.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक रातू रोड, राँची स्थित झारक्राफ्ट मुख्यालय में मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक–21.07.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में प्रबंध निदेशक के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जाएगा जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। घीच्चा धागे की विवरणी तथा नियम एवं शर्त्ते झारक्राफ्ट के वेबसाईट www.jharcraft.in पर देखा जा सकता है।

नियम एवं शर्त्ते :–

1. निविदा के साथ प्रोसेसिंग फीस के लिए 2500/–रूपये (दो हजार पाँच सौ रूपये) का बैंक ड्राफ्ट "झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड" के नाम से समर्पित करना होगा। प्रोसेसिंग फीस की राशि वापस नहीं की जायेगी।
2. निविदा दो भागों में रहेगा– तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा। तकनीकी निविदा में प्रोसेसिंग फी का बैंक ड्राफ्ट तथा बैंक खाता की छाया प्रति संलग्न करेंगे। यदि कोई क्रेता आयकर एवं GST के अन्तर्गत भी निबंधित है तो विगत तीन वर्षों के विवरणी की छाया प्रति भी शामिल करेंगे। तकनीकी निविदा वाले लिफाफा को मुहरबन्द कर उसके उपर "तकनीकी निविदा" अंकित करना होगा।
3. वित्तीय निविदा में सूची में उपलब्ध धागे का प्रकार के साथ धागे की मात्रा का टैक्स रहित दर विहित प्रपत्र में अंकित करना होगा।
4. धागे पर 5% GST चयनित क्रेता को देय होगा।
5. धागे की न्यूनतम मात्रा 50 किलो ग्राम के लिए Rate Quote करना आवश्यक होगा, 50 किलो ग्राम से कम धागे का Rate Quote करने वाले निविदादाता का निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। वित्तीय निविदा वाले लिफाफा को भी मुहरबन्द कर उस पर "वित्तीय निविदा" अंकित करना होगा।
6. निविदादाता को वित्तीय निविदा विहित प्रपत्र 1 में ही भर कर देना होगा।
7. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा वाले मुहरबंद लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे में रख कर मुहरबन्द कर समर्पित किया जायेगा।
8. निविदा को प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट), प्रथम तल, उद्योग भवन, रातू रोड, राँची– 834001 के कार्यालय में समर्पित किया जाना है।
9. धागे का सैम्पल प्रधान कार्यालय झारक्राफ्ट, योजना शाखा (रेशम) में देखा जा सकता है।
10. धागे का अधिकतम दर उद्धृत करने वाले निविदादाता का चयन किया जाएगा।
11. अधिकतम उद्धृत दर अगले एक (1) वर्ष के लिए मान्य होगा।
12. अधिकतम दर उद्धृत करने वाले निविदादाता को उक्त धागा उपलब्ध कराने के पश्चात् शेष धागे को उक्त अधिकतम उद्धृत दर पर ही कोई भी अन्य निविदादाता के द्वारा धागा क्रय किया जा सकेगा।
13. चयनित निविदादाता को एक माह के अंदर राशि का भुगतान कर धागे का उठाव करना अनिवार्य होगा।
14. निविदादाता द्वारा क्रय किये धागे की पूर्ण राशि का भुगतान करने के पश्चात ही धागे की आपूर्ति की जाएगी।

Scanned with CamScanner

15. बिक्री किये गये धागे का भुगतान बैंक ड्राफ्ट "झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड" के नाम से किया जा सकता है।
16. चयनकर्त्ता को अपने व्यय पर धागे की प्राप्ति क्षेत्रीय कार्यालय भगैया से करना होगा।
17. सशर्त्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
18. अधोहस्ताक्षरी के पास निविदा को आंशिक/पूर्णरूपेण संशोधन करने, स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

5.7.23

मुख्य वित्तीय पदाधिकारी
झारक्राफ्ट, राँची

Scanned with CamScanner

झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(झारक्राफ्ट)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची
CIN: U17122JH2006SGC012606

प्रपत्र–1

आवेदक का नाम–

पूरा पता–

मो0 न0–

बिक्री दर हेतु विवरणीः–

Sl. No.	Type of Yarn	Base Price	Quantity (In kg.)	Rate (per kg) (In Rs.)	Amount (In Rs.)
1.	Gheecha Yarn	2168.00			
2.	Polyester 1/60s	264.00			
3.	Poly Cotton 1/40s	250.00			
Total					

हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner